# POSTER MAKING AND SLOGAN WRITING COMPETITION HELD ON 29-11-2024

महाविद्यालय महाविद्यालय मटौर मे सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा नारा लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ाना और सुरक्षित यात्रा के महत्व को उजागर करना था। प्रतियोगिता में लगभग 60 विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपने विचारों को रचनात्मक पोस्टर और प्रेरक नारा लेखन के माध्यम से व्यक्त किया। यह कार्यक्रम प्रोफेसर राजलक्ष्मी के निर्देशन में संपन्न हुआ । पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अक्षिता प्रथम, खुशबू द्वितीय और नैंसी तृतीय स्थान पर रही । वही नारा लेखन में नव्या चौधरी प्रथम , दीक्षा चौधरी द्वितीय और रिया तृतीय स्थान पर रही ।कार्यक्रम के अंत में सड़क सुरक्षा क्लब की सं◌ंयोजिका प्रोफेसर नंबर शिवानी दत्ता ने सभी छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के महत्व को समझने और दूसरों को प्रेरित करने के लिए कहा है।





दिव्य हिमाचल

## पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अक्षिता प्रथम

टीएमसी। राजकीय महाविद्यालय मटौर में सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा नारा लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ाना और सुरक्षित यात्रा के महत्व को उजागर करना था। प्रतियोगिता में लगभग 60 विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपने विचारों को रचनात्मक पोस्ट्र और प्रेरक नारा लेखन के माध्यम से व्यक्त किया। यह कार्यक्रम प्रोफेसर राजलक्ष्मी के निर्देशन में संपन्न हुआ। पोस्ट्र मेकिंग प्रतियोगिता में अक्षिता प्रथमए खुशबू द्वितीय और नैंसी तृतीय स्थान पर रही। वही नारा लेखन में नव्या चौधरी प्रथमए दीक्षा चौधरी द्वितीय और रिया तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम के अंत में सड़क सुरक्षा क्लब की संयोजिका प्रोफेसर नंबर शिवानी दत्ता ने सभी छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के महत्व को समझने और दूसरों को प्रेरित करने के लिए कहा है।


# QUIZ COMPETITION HELD ON 06-12-2024

## प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में साहिल की टीम विजयी

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजकीय महाविद्यालय मटौर के सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा



प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को जहां सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी प्रदान करना तथा यातयात के नियमों के पालन हेतु प्रेरित करना भी था। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में सुझबुझ से खेलने, उत्तर देने और जीवन में वाहन चलाते हुए यातायात के नियमों के प्रति निष्ठा रखते हुए एक जिम्मेदार नागरिक की भांति अपने कर्तव्य निभाने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में टीम ई (साहिल, सुहानी, शगुन, पुष्पा, खुशबू) पहले, टीम डी (संयम, अभिषेक, अंशुल, सचिन, प्रियांशु) दूसरे, टीम सी (आंचल, बिंदु, नीतिका, रेणु, रितिका) तीसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम सड़क सुरक्षा क्लब संयोजिका प्रो शिवानी दत्ता के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। इसमें प्रो सुदेश कुमारी, प्रो राजलक्ष्मी, अरविंद बैंस उपस्थित रहे।





Principal
Govt. College Matour
Distt. Kangra (H.P.)

# AWARENESS LECTURE ON GIVING IMMEDIATE HELD ON 23-12-24

## मटौर कालेज में प्राथमिक चिकित्सा कौशल पर बांटा ज्ञान



टीएमसी। राजकीय महाविद्यालय मटौर के सड़क सुरक्षा क्लब, महिला प्रकोष्ठ और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें आयुर्वेदिक महाविद्यालय पपरोला से आए डा. माणिक सोनी व उनकी टीम द्वारा आयुष्मान भारत कार्यक्रम के तहत छात्रों और प्राध्यापकों का प्राकृतिक परीक्षण किया गया। साथ ही प्राथमिक चिकित्सा कौशल भी सिखाए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की। इसी के साथ एनएसएस इकाई द्वारा एक दिवसीय स्वच्छता शिविर भी लगाया गया, जिसमें स्वयंसेवियों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण की साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर प्रो. शिवानी दत्ता, डा. नीतू सिन्हा, प्रो. राजलक्ष्मी, श्रीमती पूजा सरस्वती उपस्थित रहे।



# INTER-COLLEGE ACTIVITIES






# TRAFFIC RULES AWARENESS LECTURE ON 12-02-2025






डिजिटल अखबार

**पहली नजर**

सबसे पहले, सबसे तेज

13 फरवरी, 2025 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com

आज की ताजा खबर देखते रहिए डिजिटल न्यूज़ पेपर पहली नजर के साथ

## सड़क सुरक्षा क्लब ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों से करवाया अवगत

### मुख्य वक्ता के रूप में विक्रम सिंह रहे मौजूद

पहली नजर ब्यूरो, कांगड़ा

राजकीय महाविद्यालय मटौर के सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा यातायात, सड़क सुरक्षा नियमों संबंधी जानकारी को लेकर एक व्याख्यान आयोजित किया जिसमें कांगड़ा पुलिस स्टेशन से आए विक्रम सिंह (एसआई) बतौर मुख्यातिथि व मुख्य वक्ता, संतोष कुमार (हेड कांस्टेबल), पंकज कुमार (एचएचसी), अश्वनी कुमार (कांस्टेबल) सदस्य उपस्थित रहे।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रो. राजलक्ष्मी, डॉ. नीतू सिन्हा, प्रो. सुदेश कुमारी, पूजा सरस्वती भी उपस्थित रहीं।

मुख्य वक्ता विक्रम सिंह ने अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों को यातायात से जुड़े नए नियमों, नियमों को तोड़ने पर होने वाली सजा, फाइन, विभिन्न हेल्प लाइन नंबरों, एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया, साइबर क्राइम से बचने संबंधी विस्तृत जानकारी सांझा की।

### विद्यार्थियों से नियमों पालन करने का किया आवाहन

इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुए विद्यार्थियों से इन नियमों का सख्ती से पालन करने व अपनी व सभी की जान को सुरक्षित रखने का आवाहन किया। ये समस्त कार्यक्रम प्रो. शिवानी दत्ता, क्लब संयोजिका के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।




Principal
Govt. College Matour
Distt. Kangra (H.P.)

# PAMPHLETS DISTRIBUTION/INFORMATION SHARING OF TRAFFIC RULES: 18-02-2025








दैनिक सवेरा टाइम्स

अंधेरे से उजाले की ओर...

## यातायात नियमों से जुड़े पेंपलेट बांट दी जानकारी

**सवेरा न्यूज/मनोज कांगड़ा,:** राजकीय महाविद्यालय मटौर के सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा सड़क एवं यातायात नियमों की जागरूकता को लेकर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें क्लब के सदस्यों द्वारा आसपास के बस ठहराव, स्थानीय दुकानों और गांवों में आम जनता को यातायात नियमों से जुड़े पेंपलेट बांटे गए और उनसे यातायात नियमों की जानकारी भी सांझा की। ये समस्त कार्यक्रम प्रो. शिवानी दत्ता क्लब संयोजिका के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ जिसमें क्लब सदस्या डॉ नीतू सिन्हा, प्रो राजलक्ष्मी ने सहयोग दिया।

दैनिक सवेरा टाइम्स Wed, 19 February 2025
epaper.dainiksaveratimes.in/c/76836766

# ROAD SAFETY CLUB PRIZE DISTRIBUTION FOR THE SESSION : 2024-2025












डिजिटल अख़बार

**पहली नजर**

सबसे पहले, सबसे तेज

18 मार्च, 2025 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com

आज की ताजा ख़बर देखते रहिए डिजिटल न्यूज़ पेपर पहली नजर के साथ

## सड़क सुरक्षा क्लब ने आोजित किया वार्षिक पारितोषिक पुरस्कार वितरण समारोह

### राजकीय महाविद्यालय मटौर में विजेताओं को बांटे पुरस्कार

पहली नजर ब्यूरो, कांगड़ा

राजकीय महाविद्यालय मटौर के सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा अपना वार्षिक पारितोषिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें क्लब द्वारा पूरे साल भर आयोजित की गई गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कार बांटे गए। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने सभी विजेताओं को बधाई दी और सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करने तथा वाहन चलाते हुए अपने साथ-साथ यातायात नियमों के पालन द्वारा दूसरों के जीवन को सुरक्षित बनाए रखने का संदेश दिया।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अक्षिता को पहला, खुशबू को दूसरा नैंसी को तीसरा पुरस्कार, नारा लेखन में नव्या चौधरी को पहला, दीक्षा चौधरी को दूसरा, रिया और शाइनी को तीसरा पुरस्कार दिया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में साहिल की टीम को पहला प्रियांशु की टीम को दूसरा, आंचल की टीम को तीसरा पुरस्कार मुख्यातिथि के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर क्लब संयोजिका प्रो. शिवानी दत्ता, डॉ. नीतू सिन्हा, प्रो. राज लक्ष्मी, अरविंद बैंस भी उपस्थित रहे

